932 825(OB)

2020

# सामाजिक विज्ञान

समय : तीन घण्टे 15 मिनट] [ पूर्णांक : 70

नोट : प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।

निर्देश : i) यह प्रश्नपत्र दो खण्डों क एवं ख में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के सभी प्रश्न एक साथ हल करना आवश्यक है। प्रत्येक खण्ड का उत्तरं नए पृष्ठ से प्रारम्भ किया जाय।

ii) प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।

iii) - प्रश्नपत्र में चार प्रकार के प्रश्न हैं -बहुविकल्पीय, अति लघु उत्तरीय, लघु उत्तरीय व दीर्घ उत्तरीय, जिनके सम्बन्ध में निर्देश उनके आरम्भ में दिये गये हैं।

iv) क तथा ख खण्डों हेतु दिये गये मानचित्रों को उत्तर-पुस्तिका में मजबूती के साथ संलग्न

करना आवश्यक है।

v) दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिये मानचित्र कार्य के स्थान पर अलग से खण्ड - क में

प्रश्न संख्या 14 तथा खण्ड - ख में प्रश्न संख्या 28 के उत्तर लिखने के लिये दिये गये हैं।

## खण्ड - क

(बहुविकल्पीय प्रश्न )

निर्देश : निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :

1. महात्मा गान्धी दक्षिण अफ्रिका से वापस कब लौटे ?

(क) 1914 (ख) 1915 (ग) 1918 (घ) 1919.

2.. जर्मनी के एकीकरण में मुख्य भूमिका किसकी थी ?

(क) ज्युसेपे गैरीबाल्डी (ख) ऑटो वॉन बिस्मार्क (ग) नेपोलियन (घ) इनमें से कोई नहीं।

3. नेपोलियन का सम्बन्ध किस देश से था ?

(क) जर्मनी (ख) इटली (ग) फ्रांस (घ) इंग्लैण्ड।

4. सविनय अवज्ञा आन्दोलन में महात्मा गान्धी ने नमक को अत्यधिक महत्व क्यों दिया ?

(क) नमक का प्रयोग अमीर-गरीब सभी करते थे (ख) यह भोजन का अभिन्न हिस्सा था

(ग) नमक तैयार करने पर सरकार का एकाधिकार था (घ) इनमें से सभी।

5. निम्नलिखित में से कौन-सा संघीय राज्य नहीं है ? .

(क) मणिपुर (ख) हिमाचल प्रदेश (ग) अरुणाचल प्रदेश (घ) दिल्ली।

6. नेपाल में लोकतंत्र की स्थापना हुई

(क) 2005 में (ख) 2006 में (ग) 2008 में (घ) 2015 में।

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न )

7. ऑटो वॉन बिस्मार्क को जर्मनी के एकीकरण का जनक क्यों कहा जाता है ? दो कारण लिखिए। 1

8. साम्प्रदायिकता लोकतंत्र के लिए घातकं है। दो कारण लिखिए।

9. राष्ट्रीय राजनीतिक दलों की संख्या कितनी है ? उनमें से किन्हीं दो के नाम लिखिए।

(लघु उत्तरीय प्रश्न )

10. मुद्रण क्रान्ति क्या है ? इसका फ्रांस की क्रान्ति पर क्या प्रभाव पड़ा ?

अथवा

उन्नीसवीं सदी में प्रकाशन के विभिन्न पहलू क्या थे ? किन्हीं तीन का उल्लेख कीजिए।

11. नेपाल में लोकतंत्र-शासन कैसे प्रारम्भ हुआ ? संक्षेप में उल्लेख कीजिए।

अथवा

दबाव समूह और राजनीतिक दल में दो अन्तर बताइए।

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न )

12. भारत में संघीय व्यवस्था कैसी है ? इसके चार लक्षण बताइए।

अथवा

सामाजिक भेद-भाव का आशय क्या है ? इसके कारण बताइए। इसे समाप्त करने के दो उपाय भी लिखिए।

13. महामंदी का क्या आशय है ? इसके मुख्य दो कारण बताइए। इसके दो प्रभाव भी लिखिए।

अथवा

भारत में औद्योगिक विकास की क्या विशेषताएँ हैं ? किन्हीं चार का उल्लेख कीजिए।

(मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न )

निर्देश : निम्नलिखित स्थानों को भारत के दिये गये रेखा मानचित्र में 0 चिह्न द्वारा नाम सहित दर्शाइए। सही नाम तथा सही अंकन के लिये अंक निर्धारित हैं : .

14. (i) वह स्थान जहाँ महात्मा गान्धी ने सविनय अवज्ञा आन्दोलन प्रारम्भ किया।

(ii) वह स्थान जहाँ 1927 में काँग्रेस अधिवेशन हुआ।

(iii) वह स्थान जहाँ काँग्रेस का सितम्बर, 1920 में अधिवेशन हुआ।

(iv) वह स्थान जहाँ असहयोग आन्दोलन का कार्यक्रम स्वीकार किया गया।

(v) वह स्थान जहाँ जालियाँवाला बाग की घटना घंटी।

(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिये - मानचित्र कार्य के विकल्प के रूप में )

निर्देश : इन प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। मानचित्र का प्रयोग न कीजिए।

14. (i) महात्मा गान्धी ने सविनय अवज्ञा आन्दोलन किस . स्थान से प्रारम्भ किया ?

(ii) 1927 में काँग्रेस का अधिवेशन कहाँ हुआ ? 1

(iii) सितम्बर, 1920 में काँग्रेस का अधिवेशन कहाँ हुआ ?

(iv) असहयोग आन्दोलन का कार्यक्रम किस स्थान पर स्वीकार किया गया ?

(v) जालियाँवाला बाग की घटना किस राज्य घटी?

## खण्ड - ख (बहुविकल्पीय प्रश्न )

निर्देश : निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :

15. निम्नलिखित में से कौन-से दो दूरस्थ स्थित स्थान पूर्व-पश्चिमी गलियारा द्वारा आपस में जोड़ते हैं ?

(क) मुम्बई-नागपुर (ख) सिल्चर-पोरबंदर (ग) मुम्बई-कोलकाता (घ) नागपुर-हैदराबाद।

16. निम्नलिखित में से किस वर्ष महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी एक्ट चलायी गयी?

(क) 2008 (ख) 2010 (ग) 2005 (घ) 2000

17. सलाल बाँध किस नदी पर बना है ?

(क) महानदी (ख) चिनाव (ग) सतलुज (घ) कृष्णा ।

18. भारत में पवन ऊर्जा का विशाल केन्द्र कहाँ स्थित है ?

(क) उत्तराखण्ड (ख) तमिलनाडु (ग) हिमाचल प्रदेश (घ) राजस्थान।

19 सुन्दरवन राष्ट्रीय पार्क किस राज्य में स्थित है ?

(क) असम (ख) उड़ीसा (ग) पश्चिम बंगाल (घ) मध्य प्रदेश।

20. निम्नलिखित में से किस वस्तु का निर्यातक भारत नहीं है ?

(क) कॉफी (ख) उर्वरक (ग) तम्बाकू (घ) चाय।

## ( अति लघु उत्तरीय प्रश्न )

21. स्वामित्व के आधार पर उद्योगों का वर्गीकरण कीजिए।

22. केरल में अन्य राज्यों की तुलना में शिशु-मृत्यु दर का क्यों है ?

23. वस्तु विनिमय प्रणाली किसे कहते हैं ?

## ( लघु उत्तरीय प्रश्न )

24. चावल की उपज के लिए आवश्यक तीन भौगोलिक दशाओं का वर्णन कीजिए।

अथवा

भारत में लौह अयस्क के उत्पादन पर संक्षेप में लिखिए।

25. एक विकसित देश की क्या विशेषताएँ होती हैं ? स्पष्ट कीजिए। .

अथवाः उद्योगों की स्थिति को प्रभावित करने वाले तीन भौतिक कारक बताइए।

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न )

26. मृदा अपरदन से क्या अभिप्राय है ? मृदा अपरदन के लिए उत्तरदायी कारणों का वर्णन कीजिए।

अथवा . भारत के आर्थिक विकास में परिवहन के साधनों का क्या महत्व है ?

27. उपभोक्ताओं का काओं का शोषण किस प्रकार किया जाता है ? उदाहरण देकर समझाइए। .

अथवा

भारतीय रिजर्व बैंक के कार्यों का वर्णन कीजिए।

(मानचित्र कार्य)

निर्देश : दिये गये भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए :

28. (i) भारत का कोई एक पत्तन (बन्दरगाह) जो ... पश्चिमी तट पर स्थित है - चिह्न द्वारा नाम सहित।

(ii) भारत का सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी का कोई एक केन्द्र * चिह्न द्वारा नाम सहित।

(iii) इलाहाबाद-मुम्बई रेलमार्ग चिह्न द्वारा कोई एक स्टेशन के नाम सहित। ..

(iv) कोयला उत्पादन का कोई एक केन्द्र [] चिह्न द्वारा नाम सहित।

(v) डल झील ∘ चिह्न द्वारा नाम सहित।

( केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिये मानचित्र कार्य के विकल्प के रूप में )

निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। मानचित्र का प्रयोग न कीजिए।

28. (i) भारत के किसी एक हवाई पत्तन का नाम लिखिए।

(ii) दक्षिणी भारत के किसी एक नदी का नाम लिखिए।

(iii) चाय उत्पादक किसी एक राज्य का नाम लिखिए।

(iv) सरदार सरोवर बाँध किस नदी पर बनाया गया है ?

(v) डल झील किस राज्य में स्थित है ?